>

Title: Need to expedite construction of Jamrani dam in Nainital district of Uttarakhand.

**एडवोकेट अजय भट्ट :** आपने मुझे पहली बार सदन में बोलने का मौका दिया है । मैं नैनीताल-ऊधमसिंह नगर से चुनकर आया हूँ । मान्यवर, इसी सदन में वर्ष 1967 में यानी 52 साल पहले जमरानी बांध परियोजना का मामला उठा था, जो आज तक भी पूरा नहीं हो पाया है । वर्ष 1974 में इसकी विस्तृत परियोजना बनाई गई और योजना स्वीकृत भी हो गई । जमरानी बांध परियोजना की लागत उस समय 61.25 करोड़ थी इस परियोजना की तकनीकी भारत सरकार ने एवं प्रशासनिक स्वीकृति तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने दी, क्योंकि हम पहले उत्तर प्रदेश सरकार के साथ थे ।

मान्यवर, उत्तरप्रदेश और हमारा लंबे समय तक एम.ओ.यू. नहीं हुआ था, लेकिन इस बार एम.ओ.यू हो गया है, सारी स्वीकृतियां आ गई हैं । कुल 16 स्वीकृतियां हमने ले ली हैं और भाबर क्षेत्र, बरेली का गंगेटिक क्षेत्र, रामपुर क्षेत्र और तराई क्षेत्र के लिए यह योजना है । भाबर क्षेत्र के लोगों ने कहा है कि अगर ये योजना नहीं बनती है तो भाबर उजड़ जाएगा । हमारे पास उतना पैसा नहीं है । आज इसकी पूरी लागत 2584 करोड़ रुपये हो गई है इसलिए इसको नेशनल प्रोजेक्ट में लिया जाना अतिआवश्यक है । मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूँ कि इसको नेशनल प्रोजेक्ट में लेकर इसका तुरंत निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाए ।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अजय भट्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।